<u>बीएचईएल इकाइयों को मिले 8 राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार;</u>

<u>कर्मचारियों ने जीते 7 विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार</u>

नई दिल्ली, 9 मार्च: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अपने परिचालनों में सबसे लंबी दुर्घटना-मुक्त अवधि और सबसे कम दुर्घटना आवृत्ति दर जैसी उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने पर 8 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार' जीते हैं।

बीएचईएल की ओर से ये प्रतिष्ठित पुरस्कार सुश्री रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड पी) और निदेशक (ई, आर एंड डी) - अतिरिक्त प्रभार ने; नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में श्री भूपेंद्र यादव, माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री, श्री रामेश्वर तेली, माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्राप्त किए।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा इन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों की शुरुआत से ही बीएचईएल लगातार इन पुरस्कारों को जीतता आ रहा है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने प्रदर्शन वर्ष 2018 के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों के समूह में कुल 28 'विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार' घोषित किए। इनमें से भोपाल, झांसी, त्रिची और हैदराबाद इकाइयों के 25 बीएचईएल कर्मचारियों ने 7 पुरस्कार प्राप्त किए।